6 जनवरी, 2017 को पूर्वाह्न 11 बजे कमरा नंबर 47, उद्योग भवन, नई दिल्ली में आयोजित की जाने वाली अनुमोदन बोर्ड की 74वीं बैठक के लिए पूरक एजेंडा

मद संख्या 74.8 : औपचारिक अनुमोदनों की वैधता अवधि बढ़ाने के लिए अनुरोध (एक प्रस्ताव)

(i) महादेवपुरा और कग्गाडासपुरा, केआर पुरम, ह्वाइटफील्ड, बंगलौर, कर्नाटक में आईटी / आईटीईएस के लिए क्षेत्र विशिष्ट एसईजेड स्थापित करने के लिए प्रदान किए गए औपचारिक अनुमोदन की वैधता अवधि 02 जुलाई, 2016 के बाद पुन: बढ़ाने के लिए मैसर्स गोपालन एंटरप्राइजेज (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड का अनुरोध

विकासक का नाम :	मैसर्स गोपालन एंटरप्राइजेज (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड
क्षेत्र :	आईटी / आईटीईएस
लोकेशन :	महादेवपुरा एवं कग्गादासपुरा, केआर पुरम, व्हाइटफील्ड, बेंगलुरू, कर्नाटक
विस्तार :	विकासक को औपचारिक अनुमोदन 3 जुलाई, 2007 को प्रदान किया गया था। अब एसईजेड अधिसूचित हो गया है। विकासक को छः विस्तार प्रदान किए जा चुके हैं जिसकी वैधता अवधि 02 जुलाई, 2017 तक थी।

बुनियादी तथ्य : विकासक को औपचारिक अनुमोदन 3 जुलाई, 2007 को प्रदान किया गया था। अब एसईजेड अधिसूचित हो गया है।

विकासक ने परियोजना को लागू करने के लिए वैधता अवधि पुन: बढ़ाने के लिए अनुरोध किया है।

विकासक ने निम्नलिखित निवेश किया है / योजना बनाई है :

(i) विकासक ने बताया है कि उनके निदेशकों में से एक ने भूमि खरीदी है तथा उसे 2008 में 30 साल के लिए कंपनी को पट्टा पर दिया है।

(ii) भूस्वामियों को बाजार दर पर भुगतान करके एकमुश्त क्रय के आधार पर भूमि खरीदी गई और भूस्वामियों को बाजार दर पर क्षतिपूर्ति या विस्थापित व्यक्तियों का पुनर्वास आदि जैसे मुद्दे इस मामले में लागू नहीं होते हैं और भूमि केवल औद्योगिक प्रयोग के लिए निर्धारित है।

(iii) बताया गया है कि एसईजेड में कुल प्रस्तावित निवेश 2136 करोड़ रुपए है जिसमें 2000 करोड़ रुपए की निर्माण लागत शामिल है।

(iv) विकासक पिछली बार अवधि बढ़ाए जाने तक अर्थात 2 जुलाई 2015 तक 9.08 करोड़ रुपए का निवेश कर चुका है, जबकि 31 मार्च 2016 तक किया गया कुल निवेश 14.40 करोड़ रुपए है।

विलंब के कारण : विकासक ने बताया है कि उन्होंने कर्नाटक सरकार से विभिन्न अनुमोदनों के लिए आवेदन किया है तथा उनमें से अधिकांश अनुमोदन प्राप्त हो गए हैं। राज्य सरकार से अनुमोदन प्राप्त करने में विलंब का ब्यौरा अनुमोदन बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया तथा इस प्रस्तुति के आधार पर तीन साल की मूल वैधता

अवधि के बाद तीन बार एलओए की वैधता अवधि बढ़ाई गई। नीचे दिए गए आधार पर वर्तमान विस्तार के लिए अनुरोध किया गया है :

(क) कर्नाटक सरकार द्वारा पार्क एवं खुले स्थान के लिए भूमि की आरक्षण नीति में संशोधन :

पार्क एवं खुले स्थान के लिए भूमि आरक्षित करने पर एसईजेड के दिशानिर्देशों में संशोधन (20 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत) के कारण विकासक को 4 एकड़ भूमि के अतिरिक्त क्षेत्रफल को शामिल करते हुए अपने लेआउट प्लान में संशोधन करना पड़ा। संशोधित लेआउट प्लान 5 नवंबर 2014 को बंगलौर विकास प्राधिकरण (बीडीए) को प्रस्तुत किया गया तथा अभी तक अनुमोदन प्राप्त नहीं हुआ है।

(ख) (i) अन्य लंबित अनुमोदन :

कर्नाटक सरकार के संबंधित विभागों से अभी तक कुछ और अनुमोदन प्राप्त नहीं हुए हैं तथा शीघ्र प्राप्त हो जाने की उम्मीद है। वे शीघ्र निर्णय लेने के लिए कर्नाटक सरकार से आग्रह कर रहे हैं ताकि वे एसईजेड के विकास के लिए संशोधित भूमि क्षेत्र के अनुसार बीबीएमपी संस्वीकृति प्राप्त कर सकें।

(ii) एसएलआईएए से एनओसी तथा कर्नाटक राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से सीएफई के अभाव में विकास कार्य शुरू करने में बाधा :

पर्यावरण पर भारत सरकार की नीति के अनुसार, कोई निर्माण कार्य शुरू करने के लिए निम्नलिखित अनुमोदनों की आवश्यकता होती है : (i) राज्य स्तरीय पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन प्राधिकरण (एसएलईआईएए) से प्रमाण पत्र और (ii) कर्नाटक राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (केएसपीसीबी) द्वारा जारी की गई स्थापना के लिए सहमति (सीएफई)। एसएलईआईएए ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के अंतिम आदेश के परिणाम के अधीन सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की है। तथापि, केएसपीसीबी के अनुमोदन की अभी भी प्रतीक्षा है।

विकास आयुक्त, सीएसईजेड ने एक साल की अवधि के लिए वैधता अवधि बढ़ाने के प्रस्ताव की सिफारिश की है।

विकासक का अनुरोध अनुमोदन बोर्ड के समक्ष विचार के लिए प्रस्तुत है।

मद संख्या 74.9 : तीसरे साल के बाद एलओपी की वैधता अवधि बढ़ाने के लिए अनुरोध (एक प्रस्ताव)

(i) 30 सितंबर, 2016 के बाद एलओपी की वैधता अवधि बढ़ाने के लिए मैसर्स हैंगर्स प्लस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड जो कांचीपुरम जिला, तमिलनाडु में मैसर्स महिंद्रा वर्ल्ड सिटी के अपैरल एवं फैशन असेसरीज एसईजेड, की यूनिट है, का अनुरोध

- **एलओपी जारी किया गया :** क्लॉथ हैंगर के निर्माण के लिए 28 मार्च 2007 को।
- **विस्तार :** 30 सितंबर 2016 तक 9 (नौ) तथा 30 सितंबर 2016 के बाद 6 माह तक
- **अनुरोध :** वैधता अवधि पुन: बढ़ाने के लिए

यूनिट ने परियोजना को लागू करने के लिए वैधता अवधि पुन: बढ़ाने के लिए अनुरोध किया है।

यूनिट ने निम्नलिखित निवेश किया है / योजना बनाई है :

(i) यूनिट ने 13.75 करोड़ रुपए का निवेश किया है।

(ii) पिछली बार बढ़ाई गई वैधता अवधि के बाद किया गया वृद्धिमूलक निवेश : यूनिट ने बताया है कि उन्होंने मोल्ड, कूलर, आउटसाइट चिलर, सिविल तथा विद्युत कार्य के लिए 1.25 करोड़ रुपए मूल्य की सामग्री खरीदी है तथा क्रेन, डीजी के क्रय तथा शेष सिविल एवं विद्युत कार्य पर 1 करोड़ रुपए की राशि खर्च की है।

(iii) मात्रा की दृष्टि से अब तक की भौतिक प्रगति का ब्यौरा : यूनिट विद्युत बोर्ड के लिए आवेदन करने तथा मशीनरी इंस्टाल करने की प्रक्रिया में है।

(iv) पिछली बार वैधता अवधि बढ़ाए जाने के बाद से भौतिक प्रगति : 1.50 करोड़ रुपए मूल्य की अतिरिक्त मशीनरी का आयात किया गया है तथा मशीनों के लिए जल एवं विद्युत कार्य पूरे हो गए हैं।

(v) परियोजना को पूरा करने तथा इसे क्रियाशील बनाने के लिए समय सीमा : यूनिट ने बताया है कि शेष सिविल कार्यों को पूरा करने / मशीनरी के इंस्टालेशन / ट्रायल रन / विद्युत कार्य / प्री-प्रोडक्शन आदि के लिए और 6-8 माह की आवश्यकता है।

विकास आयुक्त, एमईपीजेड ने छः माह की अवधि के लिए वैधता अवधि बढ़ाने के प्रस्ताव की सिफारिश की है। तथापि, 28 अप्रैल 2016 को आयोजित अनुमोदन बोर्ड की 70वीं बैठक में इस शर्त के अधीन 30 सितंबर 2016 तक (6 माह) के लिए एलओपी की वैधता अवधि बढ़ाई गई थी यह अंतिम विस्तार है।

अनुरोध अनुमोदन बोर्ड के समक्ष विचार करने के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत है।

मद संख्या 74.10 : सह विकासक के लिए अनुरोध (2 प्रस्ताव)

(i) राजीव गांधी इनफोटेक पार्क, फेज 3, हिंजेवाड़ी, पुणे, महाराष्ट्र में मैसर्स महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी) द्वारा आईटी / आईटीईएस के लिए विकसित किए जा रहे क्षेत्र विशिष्ट एसईजेड में सह विकासक के लिए मैसर्स पेश इंफ्रा बिल्डर्स एलएलपी का अनुरोध

223.56 हेक्टेयर के क्षेत्रफल में उक्त एसईजेड अधिसूचित हो गया है।

मैसर्स पेश इंफ्रा बिल्डर्स एलएलपी ने 14000 वर्गमीटर के क्षेत्रफल में आईटी / आईटीईएस यूनिटों के लिए भवनों तथा संबद्ध अवसंरचना के निर्माण, आईटी / आईटीईएस यूनिटों के लिए स्थान के विकास तथा सभी डिफाल्ट रूप में अधिकृत प्रचालन के लिए उपर्युक्त एसईजेड में सह विकासक बनने के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किया है। भूमि तथा भूमि विकास सहित परियोजना लागत, भवन अवसंरचना तथा अवसंरचना विकास लागत 50.08 करोड़ रुपए है। सह विकासक ने यह भी बताया है कि इस परियोजना से 5 साल के अंदर 1800 व्यक्तियों के लिए रोजगार का सृजन होगा।

विकासक के साथ किया गया सह विकासक करार दिनांक 8 जुलाई, 2015 उपलब्ध कराया गया है। प्रारूप पट्टा विलेख उपलब्ध कराया गया है। पट्टा की अवधि 95 साल है। पट्टाधारक द्वारा निगम को 2,8000000 रुपए की राशि का भुगतान तथा विभेदक प्रीमियम के रूप में 6,58000 रुपए का भुगतान किया गया।

सह विकासक ने बताया है कि मैसर्स महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम द्वारा राजीव गांधी इनफोटेक पार्क, फेज 3, हिंजेवाड़ी, पुणे, महाराष्ट्र में आईटी / आईटीईएस के लिए विकसित किए जा रहे क्षेत्र विशिष्ट एसईजेड में सह विकासक के लिए मैसर्स जेके बिल्डर्स के समान अनुरोध को 12 अगस्त 2016 को आयोजित 72वीं बैठक में अनुमोदन बोर्ड द्वारा मंजूर किया गया था।

विकास आयुक्त, एसईईपीजेड ने प्रस्ताव की सिफारिश नहीं की है।

सह विकासक का अनुरोध अनुमोदन बोर्ड के विचारार्थ प्रस्तुत है।

(ii) आउटर रिंग रोड, नगवारा गांव, बंगलौर, कर्नाटक में मैसर्स सल्टायर डवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आईटी / आईटीईएस के लिए विकसित किए जा रहे क्षेत्र विशिष्ट एसईजेड में सह विकासक के लिए मैसर्स एंबेसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड का अनुरोध

4.05 हेक्टेयर के क्षेत्रफल में उक्त एसईजेड अधिसूचित हो गया है।

मैसर्स एंबेसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड ने एसईजेड के संपूर्ण क्षेत्र में में भवनों तथा अन्य अवसंरचना सुविधाओं के प्रचालन एवं अनुरक्षण के लिए उपर्युक्त एसईजेड में सह विकासक बनने के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किया है। निवेश की कुल प्रस्तावित राशि 6.00 करोड़ रुपए है।

विकासक के साथ किया गया सह विकासक करार दिनांक 9 दिसंबर, 2016 उपलब्ध कराया गया है।

विकास आयुक्त, सीएसईजेड ने प्रस्ताव की सिफारिश की है।

सह विकासक का अनुरोध अनुमोदन बोर्ड के विचारार्थ प्रस्तुत है।

मद संख्या 74.11 : विशेष आर्थिक क्षेत्र स्थापित करने के लिए (एक प्रस्ताव)

(i) एलएंडटी पार्क एसईजेड, प्लाट नंबर 2, एलएंडटी कैंपस, बेल्लारी रोड, ब्यातरायणपुरा, जीकेवीके के बाद, बंगलौर, कर्नाटक में 2.34 हेक्टेयर के क्षेत्रफल में आईटी / आईटीईएस के लिए क्षेत्र विशिष्ट एसईजेड स्थापित करने के लिए मैसर्स एलएंडटी कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट लिमिटेड (रियल्टी डिवीजन) का अनुरोध

क्र. सं.	विकासक का नाम	लोकेशन	क्षेत्र	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	भूमि पर कब्जा	राज्य सरकार की सिफारिश	आवेदन की स्थिति
(i)	मैसर्स एलएंडटी कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट लिमिटेड	एलएंडटी पार्क एसईजेड प्लाट नंबर 2, एलएंडटी कैंपस, बेल्लारी रोड, ब्यातरायणपुरा, जीकेवीके के बाद, बंगलौर, कर्नाटक	आईटी / आईटीईएस	4.95	हां	संख्या	नया

विकास आयुक्त, सीएसईजेड ने प्रस्ताव की सिफारिश की है।

विकासक का प्रस्ताव अनुमोदन बोर्ड के विचारार्थ प्रस्तुत है।

****

शुद्धिपत्र

मद संख्या 74.4 (iii) में प्रस्ताव के कॉलम 4 में सेक्टर को इंजीनियरिंग के स्थान पर आईटी / आईटीईएस पढ़ा जाए।